# अब एथनाल मिला हुआ डीजल बेचने की तैयारी में तेल कंपनियां

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** देश की दो बड़ी तेल कंपनियां एथनाल मिश्रित डीजल बेचने की शुरुआत करने जा रही हैं। सरकारी तेल कंपनी बीपीसीएल ने जहां सात प्रतिशत एथनाल मिश्रित डीजल के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है और इसके लिए भारी वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड के साथ हाथ मिलाया है। वहीं, इंडियन आयल इंजन बनाने वाली दो कंपनियों के साथ पांच प्रतिशत एथनाल मिश्रित डीजल पर काम कर रही है।

बीपीसीएल ने दोपहिया वाहनों में 27 प्रतिशत एथनाल मिश्रित पेट्रोल और 85 प्रतिशत एथनाल मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल को लेकर भी एक दूसरा पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके लिए बीपीसीएल ने हीरो मोटोकार्प के साथ समझौता किया है। बीपीसीएल ने बताया है कि ईडी7 के नाम से जो ईंधन बेचा जाएगा, उसमें 93 प्रतिशत डीजल और सात प्रतिशत एथनाल होगा। इस मिश्रण के ईंधन को लेलैंड ने




- बीपीसीएल ने अशोक लेलैंड के साथ पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया
- इंडियन आयल ने भी इंजन बनाने वाली दो कंपनियों से किया करार

अपने वाहनों में इस्तेमाल किया और इसे पूरी तरह से सही पाया कंपनी का कहना है कि इससे बड़े वाहनों से होने वाले प्रदूषण में काफी कमी भी देखी गई है।

इस पायलट परियोजना के बाद कंपनी की तरफ से इस प्रयोग पर एक व्यापक रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट में कंपनी ईडी7 की वाणिज्यिक तौर पर बिक्री करने की अनुमति मांगेगी। अगर यह सफल रहा और पूरे देश में लागू किया गया तो आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचेगी।